भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

06.02.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 906 का उत्तर

पुरी जाने वाली भारत गौरव रेलगाड़ियां

906. श्री शुभाशीष खुंटिया:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्तमान में भारत गौरव रेलगाड़ियां ओडिशा स्थित पुरी के लिए चलाई जा रही हैं या चलाए जाने का प्रस्ताव हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार ओडिशा के पुरी और अन्य गंतव्यों के लिए भारत गौरव रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या ओडिशा में पर्यटन, स्थानीय आजीविका, हस्तशिल्प और रोजगार सृजन पर इन रेलगाड़ियों के प्रभाव का कोई आकलन किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल ने नवंबर, 2021 में 'भारत गौरव रेलगाड़ी' नीति जारी की है, जिसके अंतर्गत भारत और विश्व के व्यक्तियों को, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भव्य ऐतिहासिक स्थलों को दिखाने के उद्देश्य के साथ थीम आधारित पर्यटन सर्किट गाड़ियों को चलाया जा रहा है। इस नीति के अनुसार, सेवा प्रदाताओं को भारत गौरव पर्यटक सर्किट गाड़ियों के परिचालन के लिए थीम/यात्रा कार्यक्रम तय करने की पूरी स्वतंत्रता है, जिसमें ओडिशा राज्य सहित भारत के किसी भी भाग के पर्यटन सर्किट शामिल हो सकते हैं, जो बाजार की मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता आदि पर आधारित होते हैं।

भारत गौरव रेलगाड़ियां पुरी, कोणार्क, भुवनेश्वर आदि सहित ओडिशा के विभिन्न पर्यटन स्थलों को कवर करती हैं। दिनांक 31.12.2025 की स्थिति के अनुसार, भारत गौरव रेलगाड़ियां के 83 फेरे पुरी और ओडिशा के कई अन्य स्थलों के लिए परिचालित किए गए हैं, जिनसे 49,285 पर्यटकों को सुविधा दी गई। इन पर्यटकों ने सड़क परिवहन, होटल, रेस्टोरेंट, फूड आउटलेट, हस्तशिल्प दुकानें और अन्य सुविधाओं जैसी स्थानीय सेवाओं का व्यापक उपयोग किया, जिससे राज्य की स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

पुरी से होकर गुजरने वाले भारत गौरव ट्रेन सर्किट निम्नानुसार हैं:

क्र.सं	**पुरी के लिए सर्किट**
1.	दिव्य काशी- आदि अमावस्या स्पेशल
2.	संपूर्ण यात्रा
3.	श्री जगन्नाथ यात्रा
4.	शक्ति पीठ स्पेशल
5.	पुण्य क्षेत्र यात्रा - पुरी, काशी, अयोध्या
6.	पुरी गंगासागर दिव्य काशी यात्रा
7.	दिव्य क्षेत्रदानम्
8.	पुरी भुवनेश्वर यात्रा
9.	राम कथा यात्रा
10.	चार धाम यात्रा
11.	एक्सपीरियेंस द सॉल ऑफ इंडिया
12.	अयोध्या में श्री राम कल्याण यात्रा के साथ नव शक्ति पीठ यात्रा
13.	पिंड प्रदनम् विशेष
14.	पुरी, वाराणसी के साथ महा कुंभ यात्रा
15.	थाई अमावस्या
16.	काशी रामेश्वरम तीर्थदानम् स्पेशल
17.	राज्य तीर्थ भारत गौरव ट्रेनें

******